तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025

4 स्थानीय सुर और राष्ट्रीय ताल से गूंजा समारोह का मंच, प्रस्तुतियों ने जीत लिया दर्शकों का दिल





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

## वन विभाग द्वारा लगातार की जा रही हाथियों की निगरानी

# जिले में 185 हाथी, एक ही रात 43 किसानों की फसल को रौंदा

जिले में रात होते ही हाथियों का दल जंगलों से निकलकर में विचरण कर रहे हैं। बीती रात हाथियों ने जहां 43 किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वर्तमान में जिले में 185 हाथी अलग-अलग दल किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग द्वारा लगातार हाथियों की निगरानी की जा रही है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हाथियों के दल ने बीती रात 43 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिसमें कापू रेंज के कंडजा, गेहूंबाडी, जरोलीआमा, पटनावापारा, सकारो में 13 किसान, चोरंगा में 8, मदनपुर, सोखामुड़ा, जमाबीरा में 4, सिंघिझाप में 4, कूमा में 2, कोयलार में 2, जावेदपारा में 2 के अलावा बोजिया में 1 किसान की धान की फसल शामिल है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल में भी हाथी ने 7 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें छोटे गुमडा में 4 के अलावा कटंगडीह में 3 किसानों की धान की फसल शामिल हैं। फसल नुकसान की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम प्रभावित गांव पहुंचकर नुकसान का आंकलन करते हुए मुआवजे की कार्रवाई में जुट गई है। रायगढ़ जिले के जंगल में हाथियों की बड़ी संख्या को देखते हुए हाथी ट्रैकिंग, हाथी मित्र दल द्वारा हाथी विचरण क्षेत्रों में पहुंचकर गांव-गांव में मुनादी कराई जा रही है।

### इन क्षेत्रों में हैं इतने हाथी

जिले में 185 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल में जहां 116 हाथी हैं तो रायगढ़ वन मंडल में 69 हाथियों की मौजूदगी है। जिसमें 48 नर, 84 मादा के अलावा 53 शावक हाथी शामिल हैं।



## घरघोड़ा रेंज में हाथी ने शावक को दिया जन्म

जिले में एक बार फिर से मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया है। घरघोड़ा रेंज में शावक के जन्म की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वहीं अब अधिकारी मौके पर पहुंचकर मादा हाथी और शावक की निगरानी में जुट गए हैं। घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में कटंगडीह परिसर के जंगल में हाथियों की मौजूदगी थी। जहां तड़के करीब 3 बजे हाथी के चिंघाड़ने की आवाज ग्रामीणों ने सुनी। इसके बाद सुबह ग्रामीणों ने केराबहाल के राजस्व भूमि क्षेत्र में देखा कि एक मादा हाथी अपने नन्हें शावक के साथ है और उस शावक का जन्म सुबह ही हुआ है। धीरे-धीरे काफी संख्या में ग्रामीण यहां इक्ट्ठा हो गए। इस दौरान मादा हाथी और शावक का वीडियो भी बनाया गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी वन अमला को दी। जिसके बाद फौरन घरघोड़ा रेंजर समेत अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे। मादा हाथी को उसके दल में मिलाने के लिए ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी गई है। ज्ञात हो कि धरमजयगढ़ वनमंडल के बाकारूम रेंज के जंगल में 21 अगस्त को भी एक मादा हाथी ने शावक को जन्म दिया था।

## दो अलग-अलग हत्याओं से दहला जिला दहशत में क्षेत्रवासी



**रायगढ़।** घरघोड़ा और लैलूंगा थाना क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग हत्याओं से जिला दहल गया है और क्षेत्रवासी दहशत में है। एक मामले में घरघोड़ा के कटरापाली गांव में 55 वर्षीय बुजुर्ग नाथुराम चौहान का शव उनके ही घर की बाड़ी में मिला है। जबकि दूसरी वारदात में लैलूंगा में पुरानी रंजिश के चलते 48 वर्षीय ग्रामीण गाड़ाराम राठिया की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। पहला मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार कटरापाली गांव निवासी नाथुराम चौहान की लाश मंगलवार को घर की बाड़ी में मिली है। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी, डॉग स्क्वायड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में मृतक के गले पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई गई है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है। वहीं दूसरा मामला लैलूंगा के मोहनपुर गांव का है। यहां ग्रामीण गाड़ाराम राठिया और मधुसूदन राठिया के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बीती रात दोनों के बीच विवाद फिर से भड़क गया। इस दौरान आरोपी मधुसूदन ने डंडे से गाड़ाराम के सिर पर वार कर दिया। गंभीर हालत में उसे लैलूंगा सिविल अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

**रायगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो ने स्टेशन चौक में सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन कर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को माताओं का सम्मान करने की सीख देने की अपील की। भाजयुमो नेताओं ने कहा कि चुनावी मंच से प्रधानमंत्री मोदी और उनकी दिवंगत माता जी के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग अक्षम्य है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विकास केडिया, उपाध्यक्ष विनायक पटनायक, नगर मंडल अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि ओबीसी समाज से आने के कारण कांग्रेस लगातार मोदी को अपमानित करती रही है, जिसे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। नेताओं ने कहा कि बिहार भगवान बुद्ध और आचार्य चाणक्य की धरती है, ऐसे में वहां अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना न केवल माताओं का बल्कि पूरे देश की संस्कृति का अपमान है। यज्ञ में शामिल कार्यकर्ताओं ने समवेत स्वर में दोनों नेताओं को सद्बुद्धि मिलने की प्रार्थना की।

### असिस्टेंट कमिश्नर पर गाली गलौज का आरोप

**राउरकेला।** राउरकेला महानगर निगम आरएमसी के विवाद फिर सुर्खियों में आ गए हैं। निगम के स्थायी ड्राइवर किशोर साहू ने असिस्टेंट कमिश्नर अजित पटनायक पर गाली गलौज करने का गंभीर आरोप लगाया है। किशोर साहू, जो बीते 31 वर्षों से नगर निगम में सेवाएँ दे रहे हैं, का कहना है कि उन्होंने जर्जर ट्रैक्टर में कचरा ढोने से असमर्थता जताई थी, जिसके बाद यह विवाद खड़ा हुआ। किशोर साहू का आरोप है कि 15 साल पुराने ट्रैक्टर की हालत बेहद खराब है। डाला टूट चुका है और कई बार शिकायत के बावजूद न तो मरम्मत कराई गई और न नया ट्रैक्टर उपलब्ध कराया गया।

### करारोपण अधिकारी नारायण सेवा निवृत्त

**पुसौर।** जनपद पंचायत पुसौर के वरिष्ठ आंतरिक लेखा एवं करारोपण अधिकारी नारायण देवांगन 31 अगस्त 2025 को सेवा निवृत्त हो गए। उन्होंने 3 फरवरी 1986 को ग्राम सहायक पद से सेवाएं प्रारंभ की थी और 39 वर्ष से अधिक समय तक विभिन्न पदों पर कार्य किया। विदाई समारोह जनपद सभा कक्ष में सादगीपूर्ण ढंग से हुआए जिसमें पंचायत निरीक्षक पंचायत सचिव और अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोजगार छिनने के भय से हमालों में रोष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का कर रहे हैं विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोहरसिंह गांव में स्थित मार्केफेड के धान संग्रहण केन्द्र के स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (स्टेडियम) बनने जा रहा है। जिससे यहां संग्रहण केन्द्र का नामोनिशान नहीं रहेगा। ऐसे में यहां दशकों से कार्यरत मजदूरों का रोजगार छिन जाएगा। जिसे सरकार की साजिश बता कर हमालों में रोष व्याप्त है। मंगलवार से सैकड़ों की संख्या में मजदूरों ने अनिश्चितकालीन आन्दोलन का आगाज कर दिया है। वहीं काम बंद कर धरना प्रदर्शन करते हुए धान के परिवहन को भी रोक दिया है।

- केन्द्र के बाहर सैकड़ों मजदूरों ने किया अनिश्चितकालीन धरने का आगाज, रोक दिया धान का परिवहन

दरअसल, रायगढ़ से करीब 10 किमी दूर लोहरसिंह गांव में मार्केफेड का धान गोदान है। धान गोदाम पिछले 22 साल से चल रहा है। कुछ साल पहले स्थानीय विधायक व वित्त मंत्री से इसी स्थान पर करीब 45 एकड़ की जमीन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम बनाने की घोषणा की थी। कुछ दिनों पूर्व ही शासन से यहां स्टेडियम बनाने के लिए 105 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी मिल गई है। जिससे अब यहां कार्यरत करीब 400 मजदूरों ने मंगलवार से अनिश्चतकालीन आन्दोलन शुरू कर दिया है। मजदूरों ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले जब यहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की घोषणा की गई थी तब से वो इसका विरोध कर रहे हैं। उनके द्वारा इन दिनों में विधायक, मुख्यमंत्री व कलेक्टर तीनों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। मजदूरों ने काम बंद कर करते हुए धान के परिवहन भी रोक दिया है। इसे लेकर उनके द्वारा सभी 65 मिलरों को भी सूचित कर दिया गया है कि वो अब धान का लोडिंग नहीं करेंगे। क्योंकि उन्हें इस बात का भय सता रहा है कि धान खाली होने से सरकारी जेसीबी गोदाम में आ जाएगा और मंदिर से लेकर गोदाम को तहस नहस कर दिया जाएगा।



### एफसीआई को भी नहीं दिया अतिरिक्त स्थान

पूर्व में एफसीआई द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई थी कि उनके चावल गोदाम में 75 हजार मिट्रिक टन के लिए अतिरिक्त जगह की जरूरत है। अगर उन्हें बगल में स्थित धान संग्रहण केन्द्र में भी जगह मिल जाए तो काम चल जाएगा, लेकिन प्रशासन द्वारा एफसीआई को अतिरिक्त स्थान भी नहीं दिया गया और धान गोदाम को भी बंद कराने की पहल शुरू हो गई है।

### कलेक्टर से मिलने पहुंचे मजदूर

मंगलवार की शाम को सैकड़ों की संख्या में मजदूरों के दल ने कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। वहीं धान संग्रहण केन्द्र में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विरोध करते हुए नारेबाजी गई है, साथ ही कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। हालांकि उनके ज्ञापन को ले लिया गया है, लेकिन उन्हें किसी प्रकार का कोई आश्वासन नहीं दिया गया है।

### चरवाहा वर्ग भी होंगे प्रभावित

मजदूरों ने बताया कि बारिश में संग्रहण केन्द्र से पूरा धान उठा लिया जाता है। करीब पांच महीने तक गोदाम खाली पड़ा रहता है। इस दौरान कई सालों से आसपास गांव के लोग यहां अपने मवेशियों को चराने आते हैं। इससे दो फायदा होता है एक तो मवेशियों के सड़कों पर नहीं घूमने से सड़क हादसे की आशंका भी कम रहती है और मवेशी किसानों के खेतों में भी चरने के लिए नहीं घुसते हैं। अगर यहां स्टेडियम बना तो चरवाहा वर्ग भी प्रभावित होगा।

# सरपंच ने एक परिवार का कराया हुक्कापानी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के घरघोड़ा के ग्राम पंचायत रूमकेरा के सरपंच द्वारा तानाशाही रवैय्या अपनाते हुए एक परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर उनका हुक्कापानी बंद कर दिया गया है। स्थानीय स्तर पर मुनादी करवा दी गई कि यदि गांव का कोई भी व्यक्ति इस परिवार से संपर्क रखेगा या बात करेगा तो उसके ऊपर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके चलते गांव के सभी लोग परिवार से पूरी तरह से कट गए हैं, जिससे वे गहरे मानसिक और आर्थिक संकट में आ गए हैं। पीड़ित परिवार द्वारा मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए न्याय की गुहार लगाई गई है।



घरघोड़ा के रूमकेरा का मामला, पीड़ित परिवार ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

परिवार का आरोप है कि उनके घर के सामने सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे उनका आवागमन बाधित हो रहा है। इस संबंध में उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए स्थगन आदेश लिया है। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरपंच ने उनके विरोध को निजी दुश्मनी मानते हुए उन पर झूठे आरोप लगाए हैं और थाने में पंप चोरी की शिकायत भी दर्ज करा दी है। परिवार ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि उनके साथ हुए व्यवहार के कारण उनका सम्मान और जीवनयापन मुश्किल हो गया है। परिवार ने न्याय की मांग करते हुए एसडीएम को घरघोड़ा को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की गई है ताकि उनका परिवार सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सके।

## हड़ताल के 16वें दिन एनएचएम कर्मचारियों ने रंगोली बना कर जताया विरोध

# सीएमएचओ की चेतावनी का नहीं कोई असर, आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सीएमएचओ की चेतावनी का भी एनएचएम संविदा कर्मचारियों पर कोई असर नहीं हुआ। 16 वें दिन भी इनका प्रदर्शन जारी रहा। मंगलवार को कर्मचारियों ने धरना स्थल पर रंगोली बना कर अपना विरोध जताया और मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के संविदा कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 16वें दिन भी जारी रहा। रायगढ़ में कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी के नाम से रंगोली बनाकर सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। वहीं कोरबा से एक और दुखद खबर सामने आई। जानकारी के अनुसार लैब टेक्नीशियन मुकेश चौहान का निधन हो गया। रायगढ़ के कर्मचारियों ने मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि यह मौत शासन की लापरवाही और उदासीन रवैये का नतीजा है। एनएचएम कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि 20 साल की सेवा के बाद भी उन्हें न तो नियमितीकरण मिला और न ही वेतन वृद्धि। राज्य स्तर से दो कर्मचारियों को 24 घंटे में काम पर लौटने का नोटिस दिए जाने पर रायगढ़ इकाई भड़क गई। कर्मचारियों ने इसे तोड़ने की साजिश बताते हुए खारिज कर दिया। उनका कहना था कि नो वर्क नो पे की धमकी से वे डरने वाले नहीं हैं और आंदोलन को और तेज़ करेंगे।




### मजबूरी है हड़ताल

कर्मचारी नेताओं का कहना है कि यह हड़ताल उनकी मजबूरी है, शौक नहीं। हम कोविड योद्धा रहे। ग्रामीण इलाकों में जान जोखिम में डालकर काम किया, लेकिन अब तक न नियमितीकरण हुआ, न ग्रेड पे तय हुआ। सरकार दावा करती है कि कई मांगें पूरी कर दी गईं, लेकिन कोई लिखित आदेश नहीं है।

### स्वास्थ्य सेवाएं ठप

प्रदेश की 6,239 स्वास्थ्य संस्थान हड़ताल से प्रभावित हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तक ताले लटक रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के मरीज इधर-उधर भटक रहे हैं और अस्पतालों में अराजकता का माहौल है। हड़ताल में महिला कर्मचारी भी अपने दूधमुँहे बच्चों के साथ डटी हुई हैं। रंगोली और नारों के जरिए वे अपनी मजबूरी जता रही हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**


## संवेदनशीलता की मिसाल बने विधायक उमेश पटेल

**खरसिया।** राजनीति को अक्सर भाषणए रणनीति और सत्ता से जोड़ा जाता ह। लेकिन कभी.कभी एक छोटी सी घटना यह साबित कर देती है कि असली नेतृत्व सेवा और संवेदनशीलता में छिपा होता है। रायगढ़ जिले के खरसिया में ऐसा ही दृश्य उस समय देखने को मिला जब विधायक उमेश पटेल ने सड़क किनारे खड़ी एक बुजुर्ग महिला को देखकर अपनी गाड़ी रुकवाई और उन्हें सम्मानपूर्वक उनके गंतव्य तक पहुँचा दिया। दरअसल उमेश पटेल हालाहुली में एक दशकर्म कार्यक्रम से लौट रहे थे। घघरा गाँव के पास उन्होंने सड़क किनारे हाथ उठाकर इशारा करती एक बुजुर्ग महिला को देखा। आमतौर पर लोग अनदेखा करके आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन विधायक ने तुरंत गाड़ी रुकवाई। खिड़की से झुककर उन्होंने पूछा मां कहां जाना है। महिला ने थरथराती आवाज़ में कहा बेटाए खरसिया जाहूँए छोड़ देबे का। यह सुनते ही उमेश पटेल ने अपने सुरक्षाकर्मी को दूसरी गाड़ी में भेजा और महिला को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। यात्रा के दौरान महिला सहज और निश्चिंत रहीं। शायद उन्हें यह भी पता नहीं था कि उनके साथ बैठा शख्स उनका विधायक है। इस घटना के बाद खरसिया की गलियों और चौपालों में यही चर्चा है कि राजनीति केवल कुर्सी और भाषण की नहींए बल्कि जनता को परिवार की तरह अपनाने की होती है।

## रॉयल्टी भुगतान पर उठे सवाल, जांच की मांग

**राउरकेला।** निर्माण कार्यों में रेत, गिट्टी, मुरुम व मिट्टी की आपूर्ति को लेकर रॉयल्टी भुगतान की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठे हैं। एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने आरोप लगाया कि बिना वास्तविक निरीक्षण और स्रोत की पुष्टि किए, सिर्फ पूर्व निर्धारित मानदंडों के आधार पर रॉयल्टी काट ली जाती है। इससे अवैध आपूर्तिकर्ताओं को फायदा और सरकारी राजस्व को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषी ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर जुर्माना वसूला जाना चाहिए। इस मामले में एसई आरएंडबी राउरकेला अतिरिक्त प्रभार अमित कुमार टुडू ने सफाई दी कि विभाग पूरी सतर्कता के साथ तय प्रावधानों के अनुसार ही रॉयल्टी काटता है और वाई-फॉर्म जमा न करने पर भुगतान रोक दिया जाता है। वहीं, स्थानीय कांट्रैक्टर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य टी.एस.के. पात्रो ने कहा कि ईमानदार व गुणवत्ता आधारित काम करने वाले ठेकेदारों की अनदेखी हो रही है, जबकि कमजोर स्तर के काम को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदारों की दयनीय स्थिति पर चिंता जताते हुए सरकार से पारदर्शी और स्वस्थ कार्य वातावरण बनाने की अपील की।

## जिले में अब तक 8712.8 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 8712.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 02 सितम्बर तक की स्थिति में 8516.4 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 32.7 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1001.3 मिमी, मनोरा में 1064.6 मिमी, कुनकुरी में 1240.6 मिमी, दुलदुला में 547.9 मिमी, फरसाबहार में 697.8 मिमी, बगीचा में 959.2 मिमी, कांसाबेल में 805.0 मिमी, पत्थलगांव में 761.2 मिमी, सन्ना में 1017.1 मिमी एवं बागबहार में 618.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

## जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम चेटबा, निवासी स्व. देवकुमार का नाला के पानी में डूबने से 29 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई।

# 150 करोड़ से जिले के दो स्टेट हाईवे का होगा जीर्णोधार

## जिले की सड़कों को संवारने मुख्यमंत्री साय ने खोला खजाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की सड़कों को संवारने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरकार का खजाना खोल दिया है। सीएम के निर्देश पर जिले की दो महत्वपूर्ण स्टेट हाईवे के पुर्ननिर्माण के लिए 149 करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत करते हुए बजट जारी कर दिया गया है।

■ बरसात के बाद शुरू होगा सड़कों का निर्माण कार्य

निर्माण एजेंसी ने इन सड़कों के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। बरसात के बाद इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इन स्टेट हाईवे में 41 किलोमीटर लंबी तपकरा-लुड़ेग और 13 किलोमीटर लंबी कोतबा बागबहार स्टेट हाईवे शामिल है। परिवहन के लिहाज से ये दोनों स्टेट हाईवे जशपुर जिले के लिए अहम है। ये सड़के जशपुर जिले को पड़ोसी राज्य ओडिसा व झारखंड के साथ राजधानी रायपुर व न्यायधानी बिलासपुर से जोड़ती है। इस सड़क से हो कर रोजाना दर्जनों यात्री बस रायगढ, बिलासपुर, रायपुर, झारसुगड़ा सहित अन्य गंतव्य के लिए रवाना होती है।





### लगातार भारी वाहनों के चलने से रोड खराब

लगातार भारी वाहन चलने से इन सड़कों की स्थिति खराब हो गई थी। इनकी मरम्मत की मांग लगातार जिलेवासियों द्वारा की जा रही थी। जिलेवासियों को हो रही परेशानी को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन दोनों स्टेट हाईवे की मरम्मत के लिए कार्रवाई शुरू करने का निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिया था। सीएम के निर्देश पर प्राक्कलन रिपोर्ट के आधार पर वित्त विभाग ने तपकरा से लुड़ेग के लिए 110.33 करोड़ और बागबहार से कोतबा के लिए 39.77 रूपये स्वीकृत करते हुए,राशि जारी किया है। बरसात के बाद इन दोनों सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### जिले में बिछ रहा है सड़कों का जाल

जशपुर जिले में आवागमन को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सड़कों की मरम्मत के साथ नए सड़कों के निर्माण पर ध्यान केंद्रीत कर रहे हैं। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसके साथ भारतमाला सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू हो चुका है। बीते दो साल में मुख्यमंत्री साय ने लंबे समय से अधूरे पड़े हुए दमेरा चराईडांड़ रोड, जशपुर सन्ना सड़क, चराईडांड़ बतौली सड़क, बंदरचुवां से फरसाबहार सड़क के निर्माण को पूरा कराया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सड़क निर्माण की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड के अनुरूप रखने की सख्त हिदायत देते हुए, लापरवाही होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

## कुनकुरी को 5 करोड़ रुपए की सौगात

जिले के कुनकुरी नगरवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी घोषणा को पूरा करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से 53 विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस स्वीकृति आदेश के बाद अब नगर क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप इन कार्यों की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से जारी आदेश में कुल 5 करोड़ रुपए की अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है।



### किन-किन कार्यों को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी नगर को संवारने के लिए नगर में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन एवं अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, बाउंड्रीबाल निर्माण, सांस्कृतिक मंच निर्माण, विद्युतिकरण एवं स्ट्रीट लाइट की स्थापना, शाला भवनों में शौचालय निर्माण अतिरिक्त कक्ष निर्माण, वार्ड में मूर्ति स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य, नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंच मार्ग का निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति मिली है।

### नगरवासियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

नगरवासियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के इस सौगात का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से वे मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे थे। इस स्वीकृति के बाद शहर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।नगरवासियों ने मुख्यमंत्री का घोषणा पूरी होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया है।

## बरसात में मैदान बनता तालाब, 15 साल से नहीं मिला स्थायी समाधान

# शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पुसौर में पानी निकासी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

जनपद मुख्यालय पुसौर का एकमात्र पुराना शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हर साल बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से जूझता है। स्कूल प्रांगण और ग्राउंड में पानी भर जाने से छात्रों और स्टाफ को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। यह समस्या बीते 15 वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

स्कूल प्रबंधन द्वारा इस मुदे को स्थानीय नगर पंचायत और संबंधित विभागों के संज्ञान में कई बार लाया गयाए लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे स्पष्ट है कि जिम्मेदार विभाग इस समस्या को प्राथमिकता में नहीं ले रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि हाल ही में स्कूल परिसर में एनटीपीसी लारा के सौजन्य से छात्रों व आमजन के लिए शौचालय का निर्माण किया गया और विधायक एवं मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर प्रयोगशाला भवन हेतु राशि भी स्वीकृत की गईए लेकिन पानी निकासी जैसी बुनियादी सुविधा अब तक अधूरी है। स्कूल समिति अध्यक्ष भरत षडंगी ने बताया कि स्कूल के सामने ही पानी निकासी की नाली बनी हुई हैए लेकिन उचित रखरखाव और नियमित सफाई न होने के कारण मैदान में पानी ठहर जाता है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में नाली की सफाई कराई गई है और उम्मीद है कि एक.दो दिनों में मैदान सामान्य हो जाएगा।



**छात्र-शिक्षक परेशान**

बरसात के दिनों में मैदान तालाब का रूप ले लेता हैए जिससे न केवल कक्षाएं प्रभावित होती हैं बल्कि छात्रों को आने.जाने में भी दिक्कत होती है। अभिभावक और ग्रामीण भी सवाल उठा रहे हैं कि जब नई इमारतों और सुविधाओं के लिए बजट उपलब्ध कराया जा रहा है तो पानी निकासी जैसी पुरानी समस्या को हल करने में लापरवाही क्यों बरती जा रही है।



## घरघोड़ा में फिकल स्लज मैनेजमेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

स्वच्छ भारत मिशन के तहत रायगढ़ जिले में स्वच्छता की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। कलेक्टर एवं मिशन संचालक मयंक चतुर्वेदी के निर्देशनए जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन और जनपद पंचायत घरघोड़ा के सीईओ विनय चौधरी के नेतृत्व में विकासखंड के बड़े गुमड़ा गांव में फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है।



■ बड़े गुमड़ा में लगा यूनिट स्वच्छ वातावरण और बीमारियों से मिलेगी राहत

ग्राम पंचायत बड़े गुमड़ा में स्थापित यह वैज्ञानिक संयंत्र लंबे समय से लोगों की सबसे बड़ी समस्या टॉयलेट टैंक और गड्ढों में जमा मानव मल और कीचड़ के निपटान का समाधान बनेगा। पहले केवल गलियों की सफाई होती थीए लेकिन टॉयलेट टैंकों में सालों तक गंदगी जमी रहती थी। इससे भूजल दूषित होता थाए बदबू फैलती थी और तरह.तरह की बीमारियों का खतरा मंडराता था। अब आधुनिक मशीनों से मल निकासी कर उसे टैंकरों से ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुँचाया जाएगा, जिससे सुरक्षित निपटान संभव हो सकेगा। इस पहल से न सिर्फ गांव और गलियों में फैली दुर्गंध समाप्त होगी बल्कि हवाए पानी और मिट्टी की गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार होगा। स्थानीय लोग मानते हैं कि इस कदम से बीमारियों का खतरा घटेगा और गांव का वातावरण स्वच्छ व स्वस्थ बनेगा।

## 40 लाख की साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

जशपुरनगर/पत्थलगांव

साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने जशपुर पुलिस का ऑपरेशन अंकुश लगातार जारी है। इसी कड़ी में पत्थलगांव थाना क्षेत्र के चर्चित म्यूल अकाउंट और साइबर ठगी मामले का मुख्य आरोपी फिरोज खान को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने व्यवसायी महिला को झांसा देकर उसके बैंक खाते और मोबाइल सिम का दुरुपयोग कर लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया था।

■ ऑपरेशन अंकुश की बड़ी सफलता



पुलिस जांच में सामने आया कि कोरबा के रामपुर निवासी 40 वर्षीय फिरोज खान खुद को मानवाधिकार कार्यकर्ता बताता था। उसका रायगढ़ जिले के कापू निवासी व्यवसायी महिला यशोदा कुर्रे से परिचय हुआ। महिला का आईडीएफसी बैंक पत्थलगांव शाखा में चालू खाता था, जिससे वह व्यवसायिक लेनदेन करती थी।फिरोज ने महिला को विश्वास में लेकर यह कहकर उसका खाता नंबर और उससे जुड़ा मोबाइल सिम अपने कब्जे में ले लिया कि उसका खाता अधिक ट्रांजेक्शन की वजह से होल्ड हो गया है और विभागीय पैसा आने के लिए किसी खाते की जरूरत है।

## चक्रधर समारोह कला का मंच राजनीति से दूर रखना चाहिए

**रायगढ़।** चक्रधर समारोह को लेकर चल रही बयानबाजी पर छत्तीसगढ़ी जसगीत गायक व भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के विशेष आमंत्रित सदस्य राकेश शर्मा ने कहा कि यह कला की अभिव्यक्ति का मंच है। इसे राजनीति से जोड़ना कला की गरिमा का अपमान है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा छत्तीसगढ़ी कलाकारों को सम्मान दिया है। रमन सिंह सरकार से लेकर मोदी सरकार तक, स्थानीय प्रतिभाओं को मंच और राष्ट्रीय पहचान दिलाने का काम हुआ है। वहीं, कोरोना काल की आड़ में कांग्रेस सरकार ने समारोह को बाधित कर परंपरा को तोड़ा। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के सिर्फ दो सालों में ही 140 कार्यक्रम आयोजित हुए, जबकि भूपेश सरकार के पूरे पांच सालों में 86 ही कार्यक्रम हुए। इससे साफ है कि भाजपा कलाकारों और कला दोनों का सम्मान करती है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह राजनीति की आड़ में कला को बांट रही है, जबकि भाजपा समारोह की गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सरिया में भगवान इंद्रदेव की पूजा करने की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सैकड़ो वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा के अनुसार मंगलवार को सरिया में भगवान इंद्रदेव व भगवान वरुण देव की विशेष पूजा अर्चना हुई। किसानों में धार्मिक मान्यता है कि भगवान इंद्रदेव के पूजा अर्चना से क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है।

■ अच्छी वर्षा के लिए किसान करते हैं भगवान इंद्रदेव की पूजा

किसानों ने बताया कि बड़े बुजुर्गों ने इसकी शुरुआत वर्षों पूर्व किया था। जो आज तक यह परंपरा निरंतर जारी है। आज भादो शुक्ल पक्ष के मंगलवार के दिन नगर के जगन्नाथ मंदिर परिसर पर नगर के किसानों ने भगवान इंद्रदेव की विशेष पूजा अर्चना की। यहां पर पर्वत का निर्माण कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया। किसानों ने बताया कि हमारे बड़े बुजुर्गों के द्वारा वर्षों से इस परंपरा का शुरूआत किया था। जो अब तक जारी है। ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान मुख्य यजमान के रूप में अनुष्ठान में शामिल हुए। वहीं नगर के बड़े बुजुर्ग किसानों को अनुष्ठान में शामिल किया गया। भगवान इंद्रदेव के साथण्साथ भगवान वरुण देव की भी पूजा की गई। भगवान वरुण देव की पूजा नगर के प्रसिद्ध पहाड़ तालाब मंदिर में पुरोहित के द्वारा अर्ध जल में प्रवेश कर जल जाप का अनुष्ठान किया। मान्यता है कि भगवान इंद्रदेव की पूजा पाठ से क्षेत्र में हरियाली छाई रहती है और फसल भी अच्छे होते हैं। अच्छी फसल की कामना को लेकर किसान आज बड़ी संख्या में इंद्रदेव पूजा स्थल पहुंचे और भगवान इंद्रदेव की पूजा अर्चना की। ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान में बताया कि इंद्रदेव की पूजा अर्चना के साथ चारों दिशा में भगवान इंद्र को अनुष्ठान का जल अर्पण किया जाता है। तत्पश्चात भोग प्रसाद लगाकर वितरण किया जाता है। यह अनुष्ठान सर्वजन के सहयोग से संपन्न होता है। अनुष्ठान में मोहन पटेल, आसाराम प्रधान, सत्यानंद प्रधान, नरोत्तम प्रधान, रूप पटेल मिनकेतन प्रधान ग्राम गौटिया, हेमचंद यादव, बुद्धदेव सामल, राजेश प्रधान, हाराधन प्रधान, भागीरथी प्रधान एटीकम प्रधान आदि कृषक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु

# राधामाधव मंदिर में मनाई गई राधा रानी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

ग्राम विश्वासपुर स्थित श्री श्री राधामाधव मंदिर की पावन धरा में भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय राधा रानी का जन्म उत्सव श्राधा अष्टमी पर्व उल्लासमय वातावरण में मनाया गया।इस अवसर पर आयोजकों ने तीन दिवसीय कार्यक्रम अधिवास राधा अष्टमी एवं मृदंग पूजन कार्यक्रम को भव्यता व दिव्यता के साथ सम्पन्न कराया।

राधारानी जन्मोत्सव कार्यक्रम के प्रथम दिवस राधा अष्टमी पर्व के मुख्य अतिथि रहे। अंजु डॉण राजू अग्रवाल सुप्रसिद्ध चिकित्सक रायगढ़ के कर कमलों से श्री श्री राधारानी का पंचामृत से अभिषेक हल्दी लेपन एवं श्रृंगार कराया गया। वहीं द्वितीय दिवस मृदंग पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। सरिता मुरारी नायक जिला पंचायत सदस्य सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कर कमलों से खोल पूजा किया गया।हरिनाम भिक्षुक गुरु नरसिंह दाश महाराज के मार्गदर्शन व सानिध्य में उनके पुत्र सुशील दाश ने श्री हरि नाम यज्ञ अधिवास से लेकर दधिभाण्ड भंजन तक की सभी आध्यात्मिक अनुष्ठान को विधिवत पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न किया। इस बीच अनेकों ग्रामों से पहुंचे कीर्तन मंडलियों के द्वारा प्रस्तुत की गई हरिनाम संकीर्तन भजण श्री कृष्ण चैतन्य प्रभु नित्यानंद जपण हरे कृष्ण हरे राम श्री राधे गोविन्द की गायन वादन तथा नृत्य की अविरल गुंज से उपस्थित जनसमूह श्रोताजन मंत्रमुग्ध होकर प्रस्तुति का आनंद लिया। मौके पर सभी आगन्तुक श्रद्धालु जनों के लिए बालभोग प्रसाद एवं अन्न महाप्रसाद की व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा किया गया था।समिति के अध्यक्ष रघुनाथ पटेल कुशल प्रसाद ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से श्रमदानए अंशदान और अन्नदान देने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विश्वासपुर के समस्त गणमान्यजन तथा कार्यक्रम से जुड़े सभी सहयोगी साथियों का हृदय से आभार प्रकट किया और कहा है कि आप सबके अथक परिश्रम एवं सहयोग के बिना यह आयोजन संभव नहीं था।



मंदिर में राधा अष्टमी पर्व पर अपनी आराध्य लाडली के दर्शन के लिए पूर्व विधायक डॉ.जवाहर नायक, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, जगन्नाथ पाणिग्राही, रामकुमार नायकए राजकुमार नायक, गजपति डनसेना, प्रदीप सतपथी, राधामोहन पाणिग्राही, टीकाराम पटेल समेत बड़ी संख्या में हरिनाम संकीर्तन प्रेमी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## आकाशीय बिजली से घायल पहाड़ी कोरवाओं को मिला तत्काल उपचार



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने अधिकारियों को बरसात के मौसम में आपात की स्थिति निर्मित होने पर प्रभावितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इसे क्रम में बगीचा के महादेवजोबला में आकाशीय बिजली गिरने की वजह से घायल 3 विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय में आने वाले पहाड़ी कोरवाओं को तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया। अभी उनकी स्थिति सामान्य है। आकाशीय बिजली गिरने की वजह से घायल तीनों पहाड़ी कोरवा रामनारायण पिता बीरबल 18 साल, सीतामुनि पिता सुरेश 12 साल और सुखमणि पिता भीमसेन 20 साल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा में तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया। डॉक्टर उत्तम नागवंशी एवं टीम के द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तीनों की स्थिति सामान्य है।



# शाहरुख-रानी ने कुछ कुछ होता है का मोमेंट किया रीक्रिएट

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान ने रानी मुखर्जी के साथ डांस करते हुए एक खूबसूरत वीडियो पोस्ट किया है, जिसे देखकर फैंस नॉस्टाल्जिक हो रहे हैं। उन्होंने फिल्म 'कुछ कुछ होता है' का मोमेंट रीक्रिएट किया, जिसे नेटिजेंस देखते रह गए. वे टीना और राहुल के मोमेंट को जीते दिखे। दोनों सितारे, आर्यन खान की वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड के गाने पर थिरक रहे हैं। जाहिर है कि शाहरुख खान अपने डांस वीडियो के जरिये बेटे आर्यन खान की सीरीज का प्रमोशन कर रहे हैं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'नेशनल अवॉर्ड, हम दोनों की अधूरी ख्वाहिश पूरी हो गई. शुभकामनाएं रानी, आप क्वीन हो. आपको हमेशा प्यार करता रहूंगा।' दोनों नेशनल अवॉर्ड विनर्स के इस री-यूनियन को देख कई फैंस भावुक हो गए।

लाइफ Style

# रुक्मिणी

## टॉक्सिक और ड्रैगन में भी आएंगी नजर

कन्नड़ सिनेमा की बेहद हसीन एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत के सितारे इन दिनों 9वें आसमान पर हैं। 28 साल की इस हसीना ने छह साल पहले 2019 में एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। अब ऐसा लग रहा है कि वह साउथ सिनेमा की सबसे बड़ी सुपरस्टार बनने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले दिनों ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' में उनकी एंट्री ने सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं अब प्रोड्यूसर एनवी प्रसाद ने खुलासा किया है कि रुक्मिणी यश स्टारर 'टॉक्सिक' और प्रशांत नील-जूनियर एनटीआर की फिल्म 'ड्रैगन' में भी लीड रोल में नजर आएंगी। खास बात यह है कि रुक्मिणी इन दिनों एआर मुरुगदॉस के साथ अपनी फिल्म 'मधरासी' के प्रमोशन में भी जुटी हुई हैं। एनवी प्रसाद ने यह घोषणा शिवकार्तिकेयन और रुक्मिणी स्टारर तमिल फिल्म 'मधरासी' के प्रमोशन इवेंट में की है। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस को प्रशांत नील के डायरेक्शन में बन रही जूनियर एनटीआर स्टारर एक्शन ड्रामा 'ड्रैगन' और गीतू मोहनदास निर्देशित 'टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' में भी कास्ट किया गया है। रुक्मिणी वसंत का नाम पिछले कुछ समय से 'एनटीआर-नील' प्रोजेक्ट को लेकर लगातार चर्चा में था। सोशल मीडिया पर इसको लेकर तमाम तरह की रिपोर्ट आ रही थी। हालांकि, निर्माताओं ने इससे पहले कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी। यकीनन अगला साल 2026 रुक्मिणी वसंत के लिए बेहद खास होने वाला है। साल 2019 में अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली रुक्मिणी वसंत 10 दिसंबर 1996 को बेंगलुरु में पैदा हुई हैं। उनकी डेब्यू फिल्म 'बिरबल' थी, जिसमें वह एमजी श्रीनिवास के साथ नजर आईं।



## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभा रहे धालसिम का किरदार

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब अभिनेता ने अपनी हॉलीवुड फिल्म स्ट्रीट फाइटर के कलाकारों के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में विद्युत सहकलाकारों के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। विद्युत जामवाल फिल्म में धालसिम का किरदार निभा रहे हैं। यह एक आग उगलने वाला आध्यात्मिक योगी का किरदार है, जिसे गेमर्स बहुत पसंद करते हैं। यह किरदार 1991 में रिलीज हुई स्ट्रीट फाइटर 2 के आखिरी दृश्य के दौरान पेश किया गया था।




# इंडियन वेडिंग में अचानक पहुंच गए जस्टिन बीबर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप म्यूजिक सेंसेशन जस्टिन बीबर हाल ही में एक इंडियन वेडिंग में सभी को सरप्राइज देने के लिए पहुंच गए। लॉस एंजिल्स में हुई इस शादी में बीबर बिना किसी को बताए वहां पहुंच गए और दुल्हन को ऐसा सरप्राइज दिया कि सोशल मीडिया पर उनकी चर्चा होने लगी। इस दौरान के वीडियो क्लिप्स और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें जस्टिन बीबर को दुल्हन और उसकी सहेलियों के बीच पोज देते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही वेडिंग सेरेमनी में जस्टिन पहुंचे, दुल्हन खुशी से झूम उठी। उनके चेहरे पर मुस्कान और फैन्स के रिएक्शन ने यह साबित कर दिया कि बीबर की मौजूदगी ने इस शादी को हमेशा के लिए खास बना दिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दुल्हन ने मजाकिया अंदाज में लिखा- 'अब इसके बाद मैं शादी नहीं कर पाऊंगी।' दुल्हन के इस मजेदार रिएक्शन के बाद सोशल मीडिया पर भी इस पर कई रिएक्शन्स सामने आए।



# मनोज और रामगोपाल लगाएंगे हॉरर-कॉमेडी का तड़का

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की सत्या फिल्म तो आपको याद ही होगी। राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को बॉलीवुड की कल्ट फिल्म माना जाता है। अब लगभग तीन दशक के बाद एक बार फिर मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की जोड़ी एक साथ आ रही है। हालांकि, इस बार दोनों की फिल्म का जॉनर एकदम अलग है। लंबे वक्त के बाद मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए फिर से एक साथ वापस आ रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'पुलिस स्टेशन में भूत'है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा अब अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा भी जुड़ गई हैं। अब फैंस इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। पुलिस स्टेशन में भूत की शूटिंग शुरू हो चुकी है और पहला शेड्यूल भी पूरा हो गया है। फिल्म में हॉरर और कॉमेडी के साथ राम गोपाल वर्मा का कहानी कहने का अलग ढंग इसे और भी खास बनाता है।



# तृप्ति ने शाहिद के साथ किया स्पेन की सड़कों पर सफर

**मुंबई।** शाहिद कपूर ने अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी इस फिल्म के टाइटल का ऐलान नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका टाइटल रोमियो हो सकता है। शाहिद कपूर ने स्पेन में भी इस फिल्म की शूटिंग की है। इस दौरान उन्होंने तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी के साथ सफर किया है। यह वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर अविनाश तिवारी ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी स्पेन की सड़कों पर स्पोर्ट्स कार से सफर कर रहे हैं। शाहिद और अविनाश स्पेन की सड़कों पर तेजी से कार चला रहे हैं। रोड किनारे के दृश्य बहुत बेहतरीन हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी अपने बाल सवांरते नजर आ रही हैं। हाल ही में शाहिद कपूर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी थी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में इन 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान के चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19 का दूसरा हफ्ता शुरू होते ही माहौल और गरमा गया है। इस हफ्ते नॉमिनेशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और घर से बाहर होने की दौड़ में पांच बड़े नाम आ गए हैं। यही नहीं, वीकेंड का वार एपिसोड भी जबरदस्त ड्रामा और टकराव से भरा रहा। भले ही इस हफ्ते कोई घर से बेघर नहीं हुआ हो, लेकिन अगले हफ्ते पांच लोगों पर नॉमिनेशन की तलवार लटक रही है। 'बिग बॉस तक' के मुताबिक इस हफ्ते जिन कंटेस्टेंट्स को घर से बाहर जाने का खतरा मंडरा रहा है, उनके नाम इस तरह हैं-मृदुल तिवारी, आवेज दरबार, कुनिका सदानंद, तान्या मित्तल, अमाल मलिक। ये पांचों कंटेस्टेंट्स फिलहाल दर्शकों के वोट पर निर्भर हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि किसका सफर यहां खत्म होता है और किसे फैंस का साथ मिलता है। घर के पहले कैप्टन के तौर पर चुनी गईं अभिनेत्री कुनिका सदानंद को अब अपने ही साथी घरवालों के विरोध का सामना करना पड़ा। बिग बॉस के मेकर्स की ओर से जारी किए गए प्रोमो में दिखाया गया कि ज्यादातर सदस्यों ने उनकी कैप्टेंसी को खारिज कर दिया।

# अनुपमा सीरियल से होगी देविका की छुट्टी!

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि अनुपमा और देविका इतने वक्त बाद मिले होंगे तो वो देर रात तक साथ बैठकर बातें करते रहेंगे। राही और अनुज के अलावा भी तमाम मुद्दों पर बातें हो रही होंगी। इसी बीच अंश आ जाएगा और कहेगा कि मुझे ऐसा लग रहा है कि दो सहेलियां कॉलेज की कैन्टीन में बैठकर बातें कर रही हों। इस पर देविका अंश और बाकी लोगों को बताएगी कि कैसे अनुपमा आज से नहीं, बल्कि कॉलेज के दिनों से डांस रानी रही है। अनुपमा और देविका साथ में डांस करेंगी और बाकी लोग भी एन्जॉय करेंगे। रात ढलेगी और सभी सोने चले जाएंगे, लेकिन अनुपमा और देविका साथ बैठी बातें करती रहेंगी। बातों-बातों में देविका हंसते-हंसते भावुक हो जाएगी और उसकी आंखों में आंसू आ जाएंगे। अनुपमा और देविका एक दूसरे के गले लग जाएंगे। अनुपमा अपनी दोस्त से भावुक होने की वजह पूछेगी। इस पर देविका उसके गले लगी रहेगी और कहेगी कि पहले ठीक से गले लग जाने दे यार, पता नहीं फिर यह मौका मिले ना मिले।



# आराध्या के साथ गणपति दर्शन के लिए पहुंची ऐश्वर्या

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार इन दिनों गणेश चतुर्थी के जश्न में डूबे हुए हैं। हाल ही में ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई में जीएसबी गणपति समारोह में शामिल हुईं। दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। ऐश्वर्या इन दिनों अक्सर अपनी बेटी के साथ नजर आती हैं, चाहे कोई खुशी का मौका हो या फिर कोई कार्यक्रम। एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या के साथ गणेशोत्सव पंडाल में भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने पहुंची। मां-बेटी की इस जोड़ी ने मुस्कुराते हुए फैंस का अभिवादन किया और पंडाल में प्रवेश करने से पहले कुछ सेल्फी लेने के लिए रुकीं। उन्हें देख कर उनके फैंस काफी खुश हुए। ऐश्वर्या राय सफेद ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, जिसके साथ उन्होंने लाल लिपस्टिक और छोटी सी बिंदी लगाई थी। आराध्या पीले कुर्ते में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। आराध्या ने बहुत ही शालीनता के साथ पंडाल में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। दोनों ने पंडाल में हाथ जोड़कर तस्वीरें भी खिंचवाईं। हालांकि, दोनों के साथ अभिषेक बच्चन समारोह में शामिल नहीं हुए। खबरों के मुताबिक ऐश्वर्या नियमित रूप से भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए जीएसबी गणपति समारोह में शामिल होती हैं।



# ढोल-नगाड़ों के साथ बप्पा को किया विदा

**मुंबई।** गणपति बप्पा के स्वागत से लेकर विदाई तक का हर क्षण बॉलीवुड के सितारों के लिए भी बेहद खास होता है। इस बार भी भाईजान सलमान खान ने अपनी फैमिली संग धूमधाम से गणपति विसर्जन किया। हर साल की तरह इस बार भी उनकी छोटी बहन अर्पिता खान शर्मा ने बप्पा को अपने घर पर विराजित किया और पूरे खान परिवार ने मिलकर बप्पा के स्वागत और विदाई की रस्में निभाई। अब सलमान ने इस दौरान का एक नया वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो अपने परिवार के साथ बप्पा को विदा करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सलमान खूब मस्ती कर रहे हैं। उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा रहा है। वीडियो के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा है- गणपति बप्पा मोरया। विसर्जन के दौरान जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हल्की बारिश के बावजूद खान फैमिली के चेहरे पर खुशियां साफ झलक रही थीं। इस दौरान सलमान ने अपनी भांजी आयत को गोद में उठाया और जमकर मस्ती की। इस जश्न में अर्पिता के पति आयुष शर्मा भी शामिल रहे, जिन्होंने बप्पा की मूर्ति को विसर्जन के लिए लेकर गए। खान फैमिली के युवा सदस्य भी पीछे नहीं रहे। सलमान की भतीजी अलीजेह अग्निहोत्री, भतीजे अरहान, निर्वाण और अयान अग्निहोत्री ने बप्पा को नाचते-गाते हुए विदा किया।



## मनोरंजन के शौकीनों के लिए है इस बार कुछ दिलचस्प

# इस सप्ताह ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्म-सीरीज

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिनेमाघरों में इन दिनों वॉर 2, कुली और परम सुंदरी सजी हुई हैं। मगर, ओटीटी का दर्शकों के बीच अलग क्रेज है। हर नए सप्ताह मनोरंजन के शौकीनों का सवाल होता है कि ओटीटी पर इस बार क्या खास आ रहा है? इस बार काफी कुछ दिलचस्प है। पिछले दिनों थिएटर में दस्तक दे चुकीं कुछ फिल्में इस हफ्ते रिलीज हो रही हैं, तो कुछ नई फिल्में भी दर्शकों के बीच पहुंच रही हैं।

### वेडनेसडे सीजन 2

हॉरर सीरीज वेडनेसडे सीजन 2 का पहला पार्ट अगस्त में रिलीज हुआ था। इस सीरीज में कुल छह एपिसोड हैं। अब इस सीरीज का दूसरा पार्ट इस हफ्ते रिलीज हो रहा है। वेडनेसडे सीजन 2 का पार्ट 2 नेटफ्लिक्स पर 3 सितंबर से स्ट्रीम होगा। इसमें दो एपिसोड होंगे।

### आंखों की गुस्ताखियां

विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म आंखों की गुस्ताखियां सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज होने वाली है। यह फिल्म जुलाई में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। शनाया की यह डेब्यू फिल्म है। अब 5 सितंबर से इसे ओटीटी पर देखा जा सकता है। यह फिल्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।





### द पेपर'-'टास्क

इसके अलावा अमेरिकी वेब सीरीज द पेपर भी इस वीक रिलीज होगी। यह जियो हॉटस्टार पर 5 सितंबर से स्ट्रीम होगी। इस सीरीज को ग्रेग डेनियल और माइकल कोमन ने बनाया है। अमेरिकन एक्टर मार्क रुफ्फालो की क्राइम ड्रामा टास्क भी इस हफ्ते की लिस्ट में है। यह 7 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



### मालिक

राजकुमार राव अभिनीत फिल्म मालिक भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। यह एक क्राइम-थ्रिलर फिल्म है, जो 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 5 सितंबर से यह फिल्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। राजकुमार राव के अलावा फिल्म में मानुषी छिल्लर लीड रोल में हैं।


### इंस्पेक्टर झेंडे

मनोज बाजपेयी और जिम सर्भ अभिनीत फिल्म इंस्पेक्टर झेंडे भी इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 5 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी। फिल्म में मनोज बाजपेयी पुलिस वाले के किरदार में नजर आएंगे। वे मधुकर बापूराव झेंडे के रोल में होंगे, जो फरार किलर (जिम सर्भ) को पकड़ने निकलते हैं।

### जूनियर

साउथ फिल्म जूनियर भी इस वीक रिलीज होने वाली है। कीर्ति रेड्डी और श्रीलीला अभिनीत यह फिल्म 5 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि इस फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी हैं।

**खबर संक्षेप**



## कथक नृत्यांगना ईशिता ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**रायगढ़।** चक्रधर समारोह के मंच पर कोरबा की मात्र 12 वर्षीय कथक नृत्यांगना ईशिता कश्यप ने अपनी सधी हुई प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पं. मोरध्वज वैष्णव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही ईशिता ने 4 वर्ष की आयु से नृत्य साधना शुरू की और कम उम्र में ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना ली है। समारोह में उन्होंने शिव वंदना एवं रायगढ़ घराने के बोलों पर आधारित विशेष बंदिश तराना और 150 चक्कर की अद्भुत प्रस्तुति दी। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। ईशिता कश्यप को अब तक प्रणवम् प्रतिभा सम्मान 2022 कला संस्कृति सम्मान 2023 स्वरिता प्राइड स्टार अवार्ड 2025, राष्ट्रीय विभुति सम्मान 2025 और इंडिया स्टार पैशन अवार्ड 2025 से नवाजा जा चुका है। हाल ही में वे संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की प्रतिभावान बच्चों के लिए आयोजित राष्ट्रीय स्कॉलरशिप 2024 की जूनियर वर्ग कथक नृत्य के लिए चयनित हुई हैं। ईशिता ने पुणे, आगरा, कोलकाता, जयपुर सहित देशभर के मंचों पर अपनी कला का जादू बिखेरा है।

## अंशु को मेडिकल कालेज में मिला प्रवेश

**खरसिया।** ग्राम मदनपुर की अंशु शर्मा का एमबीबीएस में चयन हुआ है। बस संचालक मुकेश शर्मा की पुत्री अंशु मेधावी छात्रा है।



उनकी 12वीं तक की पढ़ाई न्यू विवेकानंद कान्वेट हायर सेकेंडरी स्कूल ठुसेकेला में हुई हैं। नीट 2025.26 उत्तीर्ण कर शासकीय उच्च महाविद्यालय जगदलपुर में प्रवेश लिया है। इस पर माता पिता के साथ सहपाठियों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**कुड़ेकेला।** रायगढ़ जिले के छाल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शख्स का शव जंगल में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। सोमवार को छाल थाना पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के सारसमार जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला है। सूचना पर मौके पर पहुँची छाल पुलिस ने मामले में आगे की जांच कार्रवाई शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगा ली है। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम संतोष साहू है जो कि वर्तमान समय में एडू गांव में रहता था और वह पेशे से ट्रक चालक था। इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक्र वृन्दावन सारसमार जंगल में दोपहर 3 बजे के आसपास संतोष साहू का शव आम पेड़ पर गमछे से लटका हुआ देखा गया। आशंका जताई जा रही है कि उसने फांसी लगाकर जान दे दी है।

## सिनेप्लेक्स कोणार्क हॉल से अतिक्रमण हटा

**राउरकेला।** सिनेप्लेक्स कोणार्क सिनेमा से बहु प्रतीक्षित व विवादित दुकानों को हटाने का काम आज तड़के ही कर दिया गयाए जिसमें प्रशासन ने हस्तक्षेप कर भारी पुलिस बल व संलग्न अधिकारियों की मौजूदगी में यह कार्य शांतिपूर्ण माहौल में किया गया। दबे जबान में प्रशासन की एक तरफा कार्रवाई को लेकर चर्चा का माहौल गर्म रहा किंतु सिनेप्लेक्स के प्रमोटर्स ने इसे न्याय संगत कार्रवाई बताया व कानूनी प्रक्रिया से कराया गया है अब शीघ्र ही यह हाल आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा जिससे राउरकेला की जनता को हाईटेक साउंड सिस्टम व नई तकनीक के द्वारा सिनेमा देखने का मौका मिलेगा व नवनिर्मित सिनेमा हॉल आम जनता के लिए से जल्द ही खोल दिया जाएगा।

### चक्रधर समारोह : सुर, ताल और लय का छठा दिवस बना अविस्मरणीय

# स्थानीय सुर और राष्ट्रीय ताल से गूंजा समारोह का मंच, प्रस्तुतियों ने जीत लिया दर्शकों का दिल











हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह के 40वें वर्ष का छठा दिन शास्त्रीय संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। रायगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करतीं प्रस्तुतियों ने जहां परंपरा और आधुनिकता का संगम दिखाया, वहीं कलाकारों की नृत्य-भावभंगिमाएं और सुर-लहरियां देर रात तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करती रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय कलाकारों ने किया।

मंच पर जब कोरबा के प्रतिभाशाली बाल कलाकार मास्टर पार्थ यादव ने तबला वादन प्रस्तुत किया, तो उनकी साधना और लगन स्पष्ट झलक उठी। कम उम्र में ही उन्होंने इस कला में अपनी अलग पहचान स्थापित कर ली है। वहीं रायगढ़ की बेटी ऋत्वी अग्रवाल और सौम्या शर्मा ने कथक नृत्य की लयकारी और अभिव्यक्ति से दर्शकों को भावविभोर किया। साथ ही रायगढ़ की हीना दास ने ओड़िशी नृत्य की शास्त्रीय गरिमा को मंच पर उतारते हुए सभी का दिल जीत लिया। बरगढ़ की मुक्ता मेहर और बिलासपुर के भूपेंद्र बरेठ एवं उनकी टीम ने कथक की सूक्ष्मता और ऊर्जा से भरी प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से सराहा। राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी ऊंचाई दी। दिल्ली से आई नृत्यांगना आरोही मुंशी ने भरतनाट्यम की अनुपम प्रस्तुति देकर दर्शकों को दक्षिण भारत की शास्त्रीय नृत्य परंपरा से परिचित कराया। समारोह में मुंबई के पद्मश्री डॉ. अश्विनी भिडे देशपाण्डे ने अपने मधुर हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन से संगीतमय वातावरण रच दिया। उनकी आवाज की गूंज और रागों की गहराई ने श्रोताओं को आत्मविभोर कर दिया। वहीं दिल्ली के विख्यात संतूर वादक डॉ. विपुल राय ने संतूर की मधुर और मनमोहक झंकार से पूरा पंडाल गूंजा दिया।

### सौम्या की कथक ने किया मंत्रमुग्ध

रायगढ़ की कु.सौम्या शर्मा ने अपनी अद्भुत कथक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने तीन ताल में गणेश वंदना, जयपुर घराने के तोड़े-तुकड़े, 16 चक्कर, जुगलबंदी फुटवर्क और राग केदार पर एक तराना प्रस्तुत किया। उनकी भाव-भंगिमाओं, ताल-लय और पदचाप ने दर्शकों का दिल जीत लिया। सौम्या शर्मा ने अपनी गुरु श्रीमती पूजा जैन प्रयाग संगीत समिति से पंचम वर्ष तक कथक की शिक्षा प्राप्त की है और लगातार साधना जारी रखी है। सौम्या को अब तक अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर सम्मानित किया गया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### योगिता की कथक प्रस्तुति में झलका रायगढ़ घराना

रायगढ़ घराने की शिष्या एवं युवा नृत्यांगना डॉ. योगिता मांडलिक ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। डॉ.मांडलिक ने ताल-त्रिताल में रायगढ़ घराने की प्रमुख बंदिशों के साथ भावपूर्ण प्रस्तुति दी। विशेष रूप से जब उन्होंने कृष्णभक्त कवि सूरदास के पद 'मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो' पर अपने भावों की अभिव्यक्ति दी, तो पूरा कार्यक्रम स्थल कृष्णमय हो उठा। उनकी प्रस्तुति में लय की स्पष्टता, ताल पर गहरी पकड़ और भावों की सुंदरता दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती रही। रायगढ़ घराने की परंपरा में पली-बढ़ी डॉ.योगिता मांडलिक ने अपनी गुरु डॉ.सुचित्रा हरमलकर के सानिध्य में कथक की गहन साधना की है। वे कई प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दे चुकी हैं और अपनी विलक्षण नृत्य प्रतिभा के लिए सम्मानित भी हुई हैं।

### पं. बरेठ ने परंपरा को दी नई ऊंचाई

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह 2025 के मंच पर रायगढ़ घराने के सुप्रसिद्ध कथक नर्तक एवं गुरु पं. भूपेन्द्र बरेठ ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुति से इस गौरवशाली परंपरा को नई ऊँचाई प्रदान की। उन्होंने श्रीराम स्तुति और महाराजा चक्रधर सिंह से जुड़ी पारंपरिक बंदिशों की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भावपूर्ण नृत्य साधना ने न केवल दर्शकों को भावविभोर किया बल्कि पूरा वातावरण कला और संस्कृति से सराबोर हो उठा। दर्शक दीर्घा तालियों की गडग़ड़ाहट से देर तक गूंजती रही।

### मास्टर पार्थ ने तबला वादन से दिखाया कौशल

चक्रधर समारोह 2025 के मंच पर आज मास्टर पार्थ यादव ने तबला वादन प्रस्तुत किया, तो उनकी साधना और लगन स्पष्ट झलक उठी। कम उम्र में ही उन्होंने इस कला में अपनी अलग पहचान स्थापित कर ली है। अपने गुरुओं श्री मोरध्वज वैष्णव एवं श्री नवीन महंत के मार्गदर्शन में पार्थ यादव ने निरंतर अभ्यास और समर्पण से ताल और लय की अनोखी समझ विकसित की है। पाली महोत्सव, कोरबा महोत्सव सहित कई राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुतियों से वे पहले ही प्रशंसा प्राप्त कर चुके हैं।

### ओडिसी नृत्य से दिखाया नवदुर्गा का अद्भुत रूप

रायगढ़ की युवा कलाकार हीना दास ने ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया। बचपन से ही इस विधा का अभ्यास कर रहीं हीना वर्तमान में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने इंटरनेशनल ओडिसी डांस फेस्टिवल, खैरागढ़ महोत्सव, मैनपाट महोत्सव और देवदासी नृत्यांजली महोत्सव जैसे कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां देकर ख्याति अर्जित की है। साथ ही उन्हें मथुराराज नृत्यश्री सम्मान, कट्टक नवीन कला सम्मान और नृत्यांजली भुवनेश्वर सम्मान से अलंकृत किया जा चुका है।

### मुक्ता की कथक नृत्य से भावों की अनूठी छटा

ओडिशा के बरगढ़ जिले से आई 21 वर्षीय कथक नृत्यांगना मुक्ता मेहर ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुक्ता ने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत भगवान शिव की स्तुति से की, जिसमें ताल और लय का सुंदर संगम देखने को मिला। इसके बाद उन्होंने रायगढ़ घराने के चुनिंदा बोल जैसे पक्षी परन और दरबदल परन प्रस्तुत किए। इसमें ताल की विविधता और लयकारी की अद्भुत छटा दिखाई दी। प्रस्तुति के अंतिम चरण में उन्होंने एक कजरी प्रस्तुत कर ऋतु और लोकभावना का सुंदर चित्रण किया, जिसे दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से सराहा।

### आरोही ने भरतनाट्यम से किया कला और परंपरा का प्रदर्शन

भारतीय शास्त्रीय नृत्य की प्रतिभाशाली कलाकार आरोही मुंशी ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर दर्शकों को गहन अनुभव प्रदान किया। दिल्ली की आरोही मुंशी ने अपनी माँ और गुरु डॉ. लता मुंशी के मार्गदर्शन में बचपन से भरतनाट्यम की शिक्षा ली और इस विधा में स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने पारंपरिक भरतनाट्यम की गहराई को आधुनिक भारतीय संवेदनाओं से जोड़ते हुए कई नृत्य-कोरियोग्राफियां रचीं। उनका विशेष कार्य सैय्यद हैदर रजा की पेंटिंग्स को खयाल और ध्रुपद के साथ भरतनाट्यम में प्रस्तुत करना भी रहा है। आरोही मुंशी देश और विदेश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दे चुकी हैं।

### पद्मश्री डॉ. अश्विनी की स्वर साधना से गूंजा रायगढ़

मुंबई की सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉ.अश्विनी भिडे देशपाण्डे ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जयपुर अतरौली घराने की प्रतिनिधि डॉ.देशपाण्डे ने शास्त्रीय गायन की विविध विधाओं खयाल, भजन और ठुमरी प्रस्तुत कर सुर, ताल और भाव का ऐसा संगम रचा कि दर्शक भावविभोर हो उठे। डॉ.अश्विनी भिडे देशपाण्डे का जन्म संगीत परंपरा से जुड़े परिवार में हुआ। उन्होंने नारायण राव दातार से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और अपनी माता माणिक भिड़े से जयपुर अतरौली घराने की गहन तालीम ली। वे गान सरस्वती किशोरी आमोनकर की शिष्या रही हैं और देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी गायकी का जादू बिखेर चुकी हैं। भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2025 में पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया।

### डॉ.विपुल कुमार ने संतूर वादन में दी शानदार प्रस्तुति

दिल्ली के सुप्रसिद्ध संतूर वादक डॉ.विपुल कुमार राय ने अपनी अनुपम प्रस्तुति से संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुर, ताल और लय की दिव्य साधना ने वातावरण को अलौकिक संगीत प्रवाह से सराबोर कर दिया। आकाशवाणी के ग्रेड ए कलाकार एवं भारतीय संस्कृति मंत्रालय के उत्कृष्ट श्रेणी के कलाकार डॉ.राय ने संतूर वादन की ऐसी विलक्षण शैली प्रस्तुत की, जिसमें परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम झलका। उनकी प्रस्तुति में रागों की शुद्धता, छंदों का मधुर प्रयोग और लयकारी की अनूठी बारीकियाँ निरंतर उजागर होती रहीं।

# सरिया में राहुल का पुतला दहन भाजपा ने जताया विरोध



**सरिया।** बिहार में कांग्रेस कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को लेकर अपशब्द कहे जाने पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। आक्रोश जताते हुए मंगलवार शाम भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सरिया अटल चौक में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने घृणा और अपमान की सभी सीमाएं पार कर दी हैं। यह न सिर्फ प्रधानमंत्री बल्कि पूरे देश की जनता का अपमान है। प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्राही ने कहा कि नरेंद्र मोदी बीते 11 वर्षों से देश को विकास की ओर ले जा रहे हैं और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। ऐसे में उनकी दिवंगत मां पर टिप्पणी करना बेहद शर्मनाक है। पुतला दहन के बाद कार्यकर्ताओं ने अटल चौक से गांधी चौक तक पैदल मार्च निकाला और कांग्रेस विरोधी नारे लगाए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी, पूर्व मंडल अध्यक्ष परदेशी प्रधान, युवा मोर्चा अध्यक्ष सीताराम पटेल, महामंत्री बबलू पटेल, उपाध्यक्ष राजेश नायक, समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### खरसिया में किया गया पुतला दहन

**खरसिया।** बिहार के दरभंगा में राहुल गांधी की सभा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वण माता के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया। मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्टेशन चौक और लखीराम चौक पर राहुल गांधी व तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। इस दौरान मोदी जिंदाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद और तेजस्वी यादव मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में डॉ. हितेश गबेल, बंटी सोनी, सतीष अग्रवाल, बलदेव कुर्रेए मनीष रावलानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।



# बांगो कॉलोनी में धराशायी हुआ सरकारी क्वार्टर

**खरसिया।** मिनी माता बांगो नहर संभाग क्रमांक.5 की आवासीय कॉलोनी में स्थित एक आई.टाइप क्वार्टर का हिस्सा अचानक भरभरा कर गिर गया। 31 अगस्त को घटी इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई क्योंकि मकान खाली था। लेकिन इस हादसे से कॉलोनी में रह रहे अन्य कर्मचारियों के बीच भय का माहौल बन गया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि घटना को दो दिन गुजर जाने के बावजूद कार्यपालन यंत्री मंजू गोपाल ने मौके का जायजा लेना भी जरूरी नहीं समझा।

घटना के समय कॉलोनी में गणेश उत्सव का आयोजन हो रहा था। अचानक जोरदार आवाज हुई तो लोग घबराकर बाहर निकले। मौके पर पहुँचकर देखा गया कि आई.17 क्वार्टर की बिल्डिंग का पिछला हिस्सा पूरी तरह धराशायी हो गया है। दीवार और छत का स्लैब नीचे गिर चुका था। गनीमत रही कि यह मकान दो माह पूर्व ही कर्मचारी द्वारा खाली कर दिया गया थाए अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना ने बांगो कॉलोनी के मकानों की जर्जर स्थिति और रखरखाव की पोल खोल दी है। कॉलोनी के अधिकांश क्वार्टर पुराने हो चुके हैं। जगह.जगह सीपेज हो रहा हैए पलस्तर झड़ रहा है और छतें टपक रही हैं। कुछ वर्ष पहले मरम्मत पर काफी खर्च भी किया गया थाए बावजूद इसके भवनों की हालत सुधरी नहीं। कर्मचारियों का कहना है कि हर समय उन्हें डर बना रहता है कि कहीं उनका क्वार्टर भी ढह न जाए।



### जिम्मेदारी से बचते दिखे अफसर

इस संबंध में जब कार्यपालन यंत्री मंजू गोपाल से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि घटना की जानकारी उन्हें मिली हैए लेकिन वे मौके पर नहीं गईं। उनका कहना था कि श्पुरानी बिल्डिंग थीए सीपेज के कारण यह मकान गिरा होगा।श इस बयान ने कॉलोनी निवासियों की नाराजगी और बढ़ा दी है। उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी यदि घटनास्थल देखने तक न पहुँचें तो सुरक्षा और रखरखाव की उम्मीद कैसे की जाए।

## ग्राम पंचायत परसदा छोटे में फर्जी हस्ताक्षर का आरोप, जांच की मांग

**कोसीर।** जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत परसदा छोटे की सरपंच कौसल्या सिदार और सचिव बाबूलाल सिदार पर पंचों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पंचों की अनुपस्थिति में फर्जी हस्ताक्षर कर प्रस्ताव पारित किए गए और राशि आहरण की गई।

पंचों का कहना है कि बिना बैठक बुलाए, कोरम पूरा किए और उनकी जानकारी में लाए बिना ही कूटरचित हस्ताक्षर कर वित्तीय लेनदेन किया गया। इससे निर्वाचित पंचों की भागीदारी का कोई महत्व नहीं रह गया है। इस मामले पर पंचों ने कलेक्टर से मांग की है कि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर सूक्ष्म जांच की जाए और जांच पूरी होने तक ग्राम पंचायत में प्रस्ताव आधारित वित्तीय आहरण पर रोक लगाई जाए। पंचों ने सरपंच-सचिव के कार्यकलाप को दंडात्मक कार्रवाई योग्य बताया है।



### बरौद में सेवानिवृत्त कर्मियों की रिवाइज्ड पेंशन अटकी

# तीन साल से दफ्तरों के चक्कर काट रहे रिटायर्ड कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की बरौद कालरी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके अधिकार की पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। वर्ष 2021 से अब तक करीब 20 रिटायर्ड कर्मियों की रिवाइज्ड पेंशन का प्रकरण क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुरए रायगढ़ प्रबंधन और बरौद कालरी प्रशासन के बीच उलझकर अटका हुआ है।

इन कर्मचारियों ने खान मे धूपए बारिश और ठंड को नजरअंदाज कर उत्पादन और संप्रेषण में योगदान दिया। इनमें इंजीनियरए फोरमेनए ऑपरेटर और लिपिक जैसे पदों पर काम करने वाले लोग शामिल हैं। लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद इन्हें दूध में मक्खी की तरह बाहर कर दिया गया।




तीन वर्षों से लंबित पेंशन का इंतजार करते.करते तीन सेवानिवृत्त सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि बाकी कर्मचारी शारीरिक व मानसिक पीड़ा झेल रहे हैं। बरौद उपक्षेत्र के 20 सदस्यों की संसोधित पेंशन की गणना पिछले वेतन समझौते के आधार पर होनी थी। लेकिन 2021 से 2023 के बीच रिटायर हुए इन कर्मचारियों का मामला अब तक लंबित है। बताया जाता है कि पिछले 5 महीनों से प्रबंधन और कोयला खान भविष्य निधि संगठनए क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के बीच पत्राचार तो चल रहा है, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं निकला।

### ये हैं प्रभावित कर्मचारी

जिन 20 सेवानिवृत्त सदस्यों की रिवाइज्ड पेंशन तीन साल से अधर में लटकी हुई है उनमें तिपन्ना कृष्णाए एके अग्रवालए विनोद कुमार सारथी, रथराम बीपी, मोहर लाल देहरी, स्व. अंजोर सिंहए बच्छराम, मोहम्मद आलम, शिवलाल साहू, राजकुमारए नितेश चंद्रवंशी, गनपत लाल चौहान, स्व. समयलाल, हंसराज, स्व. सालिक राम कुजुर, मुकेश कुमार मोदी, गणेश राम, तेरस राम साहू, जगित राम और भरतलाल हैं।

### लालटू हत्याकांड से जुड़ी बड़ी कार्रवाई

**राउरकेला।** सेक्टर.6 के चर्चित शेख लालटू हत्या कांड में पुलिस ने एक और बड़ा कदम उठाया है। मुख्य आरोपी हसीबुल के जेल में रहने के दौरानए संयुक्त पुलिस आयुक्त ;जेसीपीद्ध ने पुलिस टीम के साथ उसके अवैध स्क्रैप गोदाम का निरीक्षण किया। इस कार्रवाई ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसारए हसीबुल लंबे समय से अवैध स्क्रैप कारोबार से जुड़ा हुआ था और इसी व्यवसाय से उसकी आय और गतिविधियों को बल मिलता था। हत्या कांड के बाद से ही उसकी संपत्तियों और कारोबार पर पुलिस की कड़ी निगरानी बनी हुई है। गोदाम निरीक्षण को पुलिस की गहन जांच और अपराध जगत पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

